केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

**संख्या:CE/CBSE/2024/7753** **दिनांक: 10/10/2024**

**सेवा मे**
**सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों के**
**प्रधानाचार्य/संस्थानों के प्रमुख**
**(सीबीएसई वेबसाइट के माध्यम से)**

**विषय: कक्षा IX और XI में 100% छात्रों का पंजीकरण।**

**महोदया/महोदय,**

आप जानते हैं कि कक्षा IX और XI के छात्रों का पंजीकरण चल रहा है और सामान्य शुल्क के साथ पंजीकरण की अंतिम तिथि 16/10/2024 है।

विद्यालयों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है कि उनके विद्यालयों में पढ़ने वाले IXवीं और XIवीं कक्षा के 100 प्रतिशत छात्रों का पंजीकरण किया जाए। **कोई भी छात्र अपंजीकृत नहीं रहे।**

बोर्ड ने निर्णय लिया है कि अगले वर्ष जब एलओसी भर जाएगा तो बोर्ड की ओर से किसी भी छात्र का पंजीकरण नहीं किया जाएगा। यह देखा गया है कि एलओसी जमा करने के दौरान, कुछ विद्यालय सीबीएसई को सूचित कर रहे हैं कि उनके कुछ छात्रों को निम्नलिखित कारणों से पिछले वर्ष पंजीकरण के लिए छोड़ दिया गया था: -

1. छात्र की तबीयत ठीक नहीं थी और वह अस्पताल में भर्ती था।
2. क्लर्क ने गलती से छात्र को छोड़ दिया था।
3. तकनीकी त्रुटि।
4. नाम हटा दिया गया था।
5. छात्र स्टेशन आदि पर नहीं था।

विद्यालयों से इस तरह की गलतियों की आशा नहीं की जाती है और इसे गंभीरता से देखा जाएगा। इसलिए, पंजीकरण के दौरान, विद्यालयों को अपने सभी छात्रों को पंजीकृत करने का निर्देश दिया जाता है।

धन्यवाद,

**भवदीय**
**ह-/**
**(डॉ. संयम भारद्वाज)**
**परीक्षा नियंत्रक**